प्रपत्र –4

परियोजना का नाम :– रायपुर–कुमाल्डा–कद्दूखाल मोटर मार्ग के किमी0 35.00 से घेना मोटर मार्ग।

## संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक 18.06.15 को उपरोक्त प्रयोजन हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री जगदम्बा प्रसाद बड़ोनी, शिव सिंह नेगी (स०रे०), जगदीश प्रसाद (रा०) राजस्व विभाग की ओर से श्री माधवानन्द उनियाल, उप राजस्व निरीक्षक तथा प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री विनय बोहरा सहायक अभियन्ता एवं श्री शुभम नौटियाल कनिष्ठ अभियन्ताा तथा श्री उत्तम सिंह रावत अमीन द्वारा भाग लिया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय पाया गया कि उपरोक्त प्रयोजन हेतु आरक्षित वन भूमि 1.6275 हे0, सिविल एवं सोयम वन भूमि 0.0870 हे0, वन पंचायत भूमि 0.3680 हे0 एवं नाप भूमि 0.3150 हे0 प्रभावित होती है। प्रस्तावित वन भूमि के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है तथा प्रस्तावित भूमि की मांग न्यूनतम है। प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जाना है। प्रस्तावित योजना में मात्र 2.0825 है0 वन भूमि का प्रत्यावर्तन किया जाना निहित है। उपरोक्त मोटर मार्ग के निर्माण हेतु अपेक्षित भूमि में कुल 184 वृक्ष वाधित/प्रभावित होना निहित है।

AAE

Vinay AE
(प्रयोक्ता एजेन्सी)
सहायक अभियन्ता–द्वितीय
पी0एम0जी0एस0वाई0 सि0ख0–2
नई टिहरी

18/6/15
उप राजस्व निरीक्षक
राजस्व विभाग प्रतिनिधि

वन दरोगा सकलाना रेंज चम्बा
वन विभाग प्रतिनिधि
टिहरी

वन क्षेत्राधिकारी
सकलाना रेंज, चम्बा

प्रति हस्ताक्षरित
जिलाधिकारी , टिहरी

C/S
अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0, सि0ख0–2
नई टिहरी

C/S
उप प्रभागीय वनाधिकारी
मसूरी वन प्रभाग
मसूरी

प्रति हस्ताक्षरित
प्रभागीय वनाधिकारी, ~~टिहरी~~
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग
मुनिकीरेती

उप प्रभागीय वनाधिकारी
नरेन्द्रनगर उप वन प्रभाग
मुनि की रेती

प्रभागीय वनाधिकारी
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी

प्रपत्र–6

| | | |
|---|---|---|
| परियोजना का नाम | :– | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद टिहरी के जौनपुर विकास खण्ड में रायपुर–कुमाल्डा–कद्दूखाल मोटर मार्ग के कि0मी0 35 से घेना गाव मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु वन भूमी हस्तान्तरण प्रस्ताव। |

## संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट

आज दिनाँक 18.06.15 को पी0एम0जी0ए सिंचाई खण्ड 2 नई टिहरी (एजेन्सी का नाम) के द्वारा जनपद टिहरी के जौनपुर विकास खण्ड में रायपुर–कुमाल्डा–कद्दूखाल मोटर मार्ग के कि0मी0 35 से घेना गाव तक बनाये जाने वाले मार्ग/प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री नागेन्द्र प्रसाद, शिवसिंह, जगदीश प्रसाद एवं राजस्व विभाग की ओर से श्री माधवानन्द उनियाल, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री विनय बोहरा..... तथा स्थानीय प्रतिनिधि के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 350 (मी0) नाप भूमि से, ~~650~~ 125 (मी0) सिविल भूमि से, ~~0000~~ 525 (मी0) वन पंचायत से , 2325 (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.3150 है0 नाप भूमि, ~~0.4550~~ 0.0870 है0 सिविल भूमि, ~~0.000~~ 0.3680 है0 वन पंचायत, 1.6275 है0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 2.0825 है0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 184 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे,जिनमें से 145 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे । ग्रामीणो के अत्याधिक विवाद के कारण दूसरा समरेखण नही किया जा सका ।

इस वन भूमि हस्तान्तरण के तुलना में जो वैकल्पिक वन भूमि हस्तान्तरण देखे गये उसमें 350 (मी0) नाप भूमि से, ~~650~~ 125 (मी0) सिविल भूमि से, ~~0000~~ 525 (मी0) वन पंचायत से, 2575 (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 0.3150 हे0 नाप भूमि, ~~0.4550~~ 0.0870 हे0 सिविल भूमि ~~0.000~~ 0.3680 हे0 वन पंचायत भूमि, 1.8025 हे0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 2.1175 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 217 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे,जिनमें से 175 बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान. 78° 09' 43.59" E 30° 19' 31.68" N है तथा यह स्थल रायपुर–कुमाल्डा–कद्दूखाल मोटर मार्ग के कि0मी0 35 से ~~घेना गाव मोटर मार्ग के कि0मी0 15 से~~ प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल ~~रागड़गांव~~ घेना गांव है जिसका GPS मान 78° 12' 33.58" E 30° 18' 40.34" N है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के GPS मान संन्लग्न हैं।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा है/नही है। चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन होगा/नही होगा ।

इस समरेखण पर निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु. कृषकों की भूमी पर खड़ साइड़ में मार्ग के समान्तर वायर क्रेट लगाकर उत्सर्जित मलवे का निस्तारण किया जयेगा जो स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका GPS मान 78° 10' 01.68" E 30° 19' 02.86" N, 78° 10' 00.11" E 30° 19' 00.59" N, 78° 11' 13.49" E 30° 19' 29.32" N, 78° 11' 14.51" E 30° 19' 31.57" N, 78° 11' 18.63" E 30° 19' 32.37" N, 78° 11' 17.78" E 30° 19' 30.87" N, 78° 11' 21.09" E 30° 19' 20.92" N, 78° 11' 22.17" E 30° 19' 12.51" N, 78° 11' 15.62" E 30° 18' 30.37" N हैं।

| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| AE<br>(प्रयोक्ता एजेन्सी)<br>प्रतिनिधि<br>सहायक अभियन्ता–द्वितीय<br>पी0एम0जी0एस0वाई0 सिं0ख0–2<br>नई टिहरी | (वन विभाग)<br>प्रतिनिधि | (राजस्व विभाग)<br>प्रतिनिधि | (जन प्रतिनिधि)<br>प्रतिनिधि<br>ग्राम पंचायत ... जौनपुर (टि0 ग0) |